हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



## खबर संक्षेप



### परसदा डंगनिया में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा डंगनिया में त्रैमासिक परीक्षा के बाद मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलदीप साहू सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नीलांबर, विनोद, रेशमा साहू ,लाला राम की उपस्थिति में सभी पालकों ने बच्चों की त्रैमासिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का अवलोकन किया। अवलोकन के बाद समीक्षा सुझाव पर सभी पालकों से सरपंच ने कहा कि हम सभी शैक्षणिक गुणवत्ता, शाला के अनुशासन, शाला परिवेश, एवं शिक्षको के कार्यों से पालक संतुष्ट हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक महेश चंद्राकर, यितेश ध्रुव, समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### प्रधानपाठिका के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** प्रधान पाठिका के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए),331(3) बीएसएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। न

**कार्यक्रम : प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि देवारभाट में हुआ संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन कार्यक्रम**

# मोबाइल की तरह आत्मा की बैटरी को रिचार्ज करने के लिए राजयोग मेडिटेशन आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मुख्य वक्ता राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने प्रतिदिन आधा घंटा राजयोग करने का किया आह्वान

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन (योग भट्टी) का आयोजन चुरगिया मांगलिक प्रांगण देवार भाट में किया गया। इसमें विश्व के पाचों महाद्वीप अर्थात अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया एवं एशिया के 95 देशों का भ्रमण करके ईश्वरीय संदेश तथा राजयोग की शिक्षाएं देकर आध्यात्मिक ज्योत जगाने वाले राजयोगी ब्रम्हा कुमार आत्म प्रकाश भाई माउंट आबू ने व्याख्यान दिया। उन्होंने संसार परिवर्तन के लिए राजयोग मेडिटेशन को आवश्यक बताया। आयोजन को अनेक वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूरे जिले भर के अनेक लोग मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वरीय विश्वविद्यालय बालोद की मुख्य संचालिका बी के विजयलक्ष्मी दीदी, दुर्ग संस्था की बीके रुपाली दीदी, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, जिला पंचायत सीईओ डॉ संजय कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बी के सरिता दीदी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी अतिथियों सहित उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि ज्ञान और योग हमें श्रेष्ठ बनाता है। ज्ञान जीवन भर प्राप्त किया जाता है। ज्ञान को अपना कर अपना जीवन को धन्य बनाएं। उन्होंने कहा कि योग भट्ठी आत्मा को कुंदन करता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत ने कहा कि आज हम कलयुग में जीवन जी रहे हैं और हमें मानव बनने के लिए अंधकार से प्रकाश की ओर जाना है उन्होंने कहा कि ब्रम्हा कुमारिज संस्था अध्यात्म का अलख जगाने का काम कर रही है। उप पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने कहा कि हमें सृष्टि परिवर्तन करना चाहिए। वरना कलयुग बढ़ता जाएगा। संस्कार से संसार बनता है। इसलिए पहले संस्कारों से सतयुग बनाना है। सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि आज हम भौतिक सुख सुविधाओं में लगे हुए हैं और तनाव में जीवन जी रहे हैं और आत्म शांति ब्रह्माकुमारी संस्था में मिलता हैं।

बीके रुपाली दीदी ने कहा कि प्रतिदिन संकल्प करें कि मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, कोई भी परिस्थिति या व्यक्ति का व्यवहार मुझे हिला नहीं सकता। दिनभर ये दोहराते रहें कि मैं हमेशा खुश हूं, मेरा रिमोट कंट्रोल मेरे हाथ में है। मुख्य वक्ता राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन के विषय पर कहा कि जिस प्रकार मोबाइल की बैटरी को चार्ज करना जरूरी होता है, उसी प्रकार आत्मा की बैटरी को भी रिचार्ज करना जरूरी है और यह राजयोग मेडिटेशन से ही होगा। उन्होंने कहा कि आत्मा के लिए हर एक व्यक्ति को आधा घंटा राज योग अभ्यास जरूरी है इससे कार्य क्षमता कार्य दक्षता बढ़ती है। मुख्य वक्ता राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने कहा कि योग का तात्पर्य आत्मा रूपी बैटरी को चार्ज करना है। परमात्मा प्यार का सागर है उस प्यार के सागर में खो जाना है। उन्होंने कहा कि हमारे राजयोग से संस्कारों में परिवर्तन आता है। संस्कारों का परिवर्तन होता है योगाभ्यास बढ़ाना जरूरी होती है।



राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने कहा कि सतज्ञान के बिना सुख मिलता नहीं है। आत्मा में सोई हुई शक्तियों को जगाना है। इसलिए खुश रहना है, खुशी बांटना है, जितना बाटोगे उतनी दुआएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि स्वमान हमारी शक्तियों को जगाने का काम करता है।

### सदैव अच्छा सोचें

उन्होंने कहा कि हमें बस सभी को दुआएं और सम्मान देने वाली आत्मा बनना है। सदैव अच्छा सोचें, सबके कल्याण का सोचें, जीवन में क्षमा करने के लिए हर समय तैयार रहना है।परमात्मा की शक्तियां प्राप्त होती है तो दिव्यगुणों की प्राप्ति होती है। हमें जीवन में किसी से कुछ नहीं चाहिए, बस सभी को दुआएं और सम्मान देने वाली आत्मा बनना है। अपने मन को शिकायत की आदत से शुक्रिया की तरफ ले जाइए। अपने तन और मन का शुक्रिया अदा करें। अपने परिवार के सदस्यों का, संपर्क में आने वाले लोगों का, प्रकृति का शुक्रिया अदा करें।

### जितनी खुशी बांटोगे उतनी मिलेगी दुआएं

स्वमान यानी सुषुप्त रहने वाली शक्तियों को जगाना। उन्होंने कहा कि माया दुश्मन से बचके रहना है। स्वमान में स्थित रहने से हमारी शक्तियों की जानकारी होती है।

उन्होंने कहा कि सबसे मूल्यवान खजाना समय है इसलिए कहते हैं टाइम इस मनी। समय को सफल करना सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा रॉयल संस्कारों को धारण करना है। ईश्वरीय नशा आत्मा की शान है सदा स्वमान में रहकर सबको सम्मान देना है।

### भानपुरी की छात्रा माधुरी का नवोदय में चयन, पालकों ने कराया न्योता भोज



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला भानपुरी की छात्रा माधुरी साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन होने की खुशी में उनके पिता योगेश्वर साहू एवं माता खेमलता साहू ने स्कूल के सभी बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान प्रधान पाठक कामता प्रसाद साहू, संकूल समन्वयक आशा राम कोरटिया, मनोज कुमार सार्वा, नारद राम साहू, हरिश कुमार सेवता, सीएच कुम्भज, मान सेवी शिक्षक, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ललित कुमार साहू, सेवती साहू, तामेश्वरी साहू, सरपंच अरुण कुमार साहू सहित सभी उपस्थित जनों ने माधुरी साहू को नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष ने कराया न्योता भोज



**डोंडी।** भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने नवरात्रि के अवसर पर कन्याओं को कन्या भोज कराया। शारदीय नवरात्रि के तृतीय दिवस पर उन्होंने कन्या आश्रम डौंडी के बच्चों को मां दुर्गा स्वरूप में पूजन अर्चन करके कन्या भोज, फल, केला, मिष्ठान, माता की चुनरी एवं पेन भेंट कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में डौंडी नगर की भाजपा नेत्री राधिका भारद्वाज एसएमसी अध्यक्ष सेजेस डौंडी, संजीव मानकर पार्षद, दीपक जायसवाल, तेजस जैन, निखिल अग्रवाल का सहयोग रहा। विद्यालय में सच्चिदानंद शर्मा बीआरसी डौंडी, दुयोधन मालिक सीएसी, संतोषी ध्रुव अधीक्षिका, प्रधान पाठक तनुजा बंजारे सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सदस्यता अभियान में और अधिक गति लाएं : पवन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं जिला सदस्यता अभियान के संयोजक एवं जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव गुंण्डरदेही मंडल के शक्ति केंद्र पैरी, सिकोसा, माहूद एवं हल्दी के कार्यकर्ताओं व आम जनता के बीच सदस्यता अभियान को लेकर बैठकों में शामिल हुए। पवन साहू कार्यकर्ताओं से अभियान को और अधिक गति प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अधिक से अधिक युवाओं को राजनीति में आना चाहिए। जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जन हितैषी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। गुंडरदेही मंडल के शक्ति केंद्रों की बैठक में जिला सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, महामंत्री सौरभ जैन, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, संजय साहू, श्रीकांत वर्मा, लेख राम साहू, नेम लाल यादव, प्रकाश सिन्हा, लोमन साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान के लिए जिपं सदस्य माया ने किया अंडा का दौरा



**अंडा।** मोर बूथ मोर अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने के लिए माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य जिला दुर्ग ने ग्राम अण्डा का दौरा किया। इस दौरान बस स्टैण्ड अण्डा में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में व्यापारियों ने बेलचन्दन को जानकारी दी। इस पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता को बस स्टैण्ड में दुर्घटनाएं रोकने के लिए गति अवरोधक बनाने के लिए कहा। इस पर ईई ने शीघ्र ही गति अवरोधक बनवाने की बात कही। इस अवसर पर हेमेन्द्र कुमार चंद्राकर, अलेंद्र यादव, देवश्री चंद्राकर, लोकमणि देशमुख, कृतिका चंद्राकर, बिसौहा ढीमर, सुखनंदन चंद्राकर, रवि देशमुख, विजयलक्ष्मी कन्नौजे आदि उपस्थिति थे।

## पड़कीभाट में हुई दो दिवसीय मानस कथा

**बालोद/कलंगपुर।** युवा मानस संगठन छत्तीसगढ़ व नव युवा मित्र मंडल पड़कीभाट के सहयोग से ग्राम में मानस कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के युवा टीम बालोद जिला, गरियाबंद, धमतरी, राजनादगांव, दुर्ग, बेमेतरा, खैरागढ़, कांकेर, कोंडागांव, महासमुन्द, रायपुर और बलौदाबाजार की मानस मंडलियों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। युवा मानस संगठन के अध्यक्ष अभिषेक साहू ने बताया कि यह हमारा प्रथम आयोजन था, जो समस्त ग्रामवासियों व वंदना महिला मानस परिवार की संचालिका वंदना टीकम साहू की पूरी टीम के भरपूर सहयोग से सफल रहा। मानस संगठन के पदाधिकारी युवराज सिन्हा, रविना रावटे, युगल किशोर, नोमेश सिंह, राकेश साहू, संजय सेन, टेकराम पटेल, सहित सभी का सहयोग रहा।



NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव INTL Ayurvedic Consultant राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

INSTITUTE CODE 175
AGRASEN COLLEGE OF PHARMACY
D. PHARMACY
APPROVED BY Pharmacy Council of India, Govt of India New Delhi & Directorate of Technical Education Govt. of Chhattisgarh.
AFFILIATED TO Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University (CSVTU), Bhilai-Chhattisgarh.
DTE C.G. Govt. Online Councelling Schedule 2024-25
Non PPHT Students also Eligible for Online Councelling
1st Round Counselling Important Dates
Registration 07.10.2024 to 11.10.2024 | Allotment 15.10.2024 | Admission 16.10.2024 to 21.10.2024
2nd Round Counselling Important Dates
Registration 22/10/2024 to 27/10/2024 | Allotment 29/10/2024 | Admission 04/11/2024 to 11/11/2024
Institutional level Councelling Imp Dates
Registration 14/11/2024 to 20/11/2024 | Allotment 22/11/2024 | Admission 23/11/2024 to 30/11/2024
(Based on Merit LIst)
ELIGIBILITY 12th pass out with PCM/PCB
OUR FACILITIES
• Well qualified, experienced faculty.
• Well equipped laboratories.
• Modern library with latest edition.
Education Loan Available
Hostel Facility available in Campus
Vill- Dagania, (Durg-Balod, Main Road) Tehsil-Gunderdehi District- Balod (Chhattisgarh) Pin Code : 491221
Website: www.agrasencollegeofpharmacy.com
Email : agrasenpharmacycollege@gmail.com
8959544444

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024

10 मोबाइल की तरह आत्मा की बैटरी को रिचार्ज करने...



12 मां भरारीपाट मंदिर में जगमगाई आस्था की ज्योति





## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम।

सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम॥

## खबर संक्षेप

### पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की बैठक कल

गुरूर। पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 7 सितंबर को अपरान्ह 01 बजे से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, नये सदस्यों का अभिनन्दन, वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र भरने पर विचार, नवरात्रि पर्व पर विचार अभिव्यक्ति, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान, नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष बालोद का अभिनन्दन किया जाएगा। इसके साथ ही दिवंगत पेंशनर साथियों को श्रध्दांजलि दी जाएगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 14 को

बालोद। पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक रायपुर के उच्चधिकारी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे।

### महासमुंद में ओबीसी महासभा की मशाल रैली आज

डौंडीलोहारा। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश भर में मशाल रैली निकालकर



भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार को प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम सहित प्रदेश पदाधिकारियों का महासमुंद जिला के बसना ब्लॉक मुख्यालय के अग्रसेन भवन में 6 अक्टूबर को एक बजे से जनसभा में शामिल होकर मशाल रैली निकालेंगे। एसडीएम बसना के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## विडंबना : शिक्षकों की कमी और जर्जर भवन जैसी समस्याओं से जूझ रहे जिले में एक स्कूल ऐसा भी

# केवल 8 बच्चों के लिए हैं 5 शिक्षक, करोड़ों के भवन में कम्प्यूटर-प्रोजेक्टर सहित हर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

एक ओर जहां जिले के कई स्कूल शिक्षकों की कमी और जर्जर भवन जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिले में ही एक स्कूल ऐसा भी है जहां, केवल 8 बच्चों के लिए 5 शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। विशेष कृपा प्राप्त हाई स्कूल करेंझर में बच्चों की सुविधा के लिए यहां लगातार लाखों के कार्य भी कराए जा रहे हैं। लाखों की खेल, प्रयोगशाला सामग्री के साथ ही लाईब्रेरी की सुविधा है। वहीं, ऐसी शाही सुविधा का ही सुफल है कि यहां परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आ रहा है।

ग्राम करेंझर वनों के मध्य स्थित है। पूर्व में यहां के बच्चे वनमार्ग से होकर 10 किलोमीटर दूर कोचवाही हाई स्कूल या जगतरा हाई स्कूल पढ़ने जाते थे। इसके कारण 8वीं के बाद बच्चों की आगे की पढ़ाई लगभग बंद हो जाती थी। बच्चों की समस्या को देखते हुए 2011 में यहां हाई स्कूल खोला गया। करेंझर पर कोई भी ग्राम पढ़ाई के क्षेत्र में आश्रित नहीं है, आस पास कोई ऐसा मिडिल स्कूल भी नहीं है कि जहां के बच्चे 8वीं के बाद यहां पढ़ने आते। स्पष्ट था कि हाई स्कूल मात्र करेंझर के बच्चे ही आते हैं। वर्तमान में यहां 5 व्याख्याता पदस्थ हैं। हालांकि विद्यालय में व्याख्याता के कुल 6 पद् स्वीकृत हैं, इस तरह अभी भी स्कूल में 1 शिक्षक की कमी है, संस्कृत विषय की। वर्तमान के 5 व्याख्याताओं के वेतन एवं स्कूल संचालन पर प्रतिमाह शासन के लगभग 4 लाख रूपए खर्च होते हैं।





### एक शिक्षक, क्लर्क तथा भृत्य की और आवश्यकता : प्रभारी प्राचार्य

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य डेरहा राम साहू ने बताया कि यहां 6 शिक्षकों का पद स्वीकृत है, लेकिन एक शिक्षक की कमी है। स्कूल में क्लर्क और चपरासी का पद् स्वीकृत नहीं है। एक क्लर्क एवं एक चपरासी की नियुक्ति जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल में पानी की भी समस्या बताई।

### 100 फीट लंबा 20 फीट चौड़ा सायकिल स्टैंड

हाल ही में यहां जिला प्रशासन ने लाखों की लागत से स्कूल भवन तक जाने के लिए सीमेंटीकरण कार्य कराया है, यह अलग बात है कि सीमेंटीकरण की गिट्टी दो साल में ही उखड़ने लगी है। 8 बच्चों के लिए लगभग 100 फीट लंबा व बीस फीट चौड़ा सायकल स्टैण्ड भी बनाया गया है। यह अलग बात है कि पंचायत ने सायकल स्टैण्ड की शेड स्कूल की चारदीवारी के ऊपर ही बना दिया है।



### स्कूल खुलने के बाद से कभी पार नहीं हुआ 20 का आंकड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल खुलने के बाद कभी भी दर्ज संख्या 20 का आंकड़ा पार नहीं कर सका है। बीते सात सालों का आंकड़ा देखें तो सत्र 2018–19 में कुल 16 बच्चे थे, वहीं 2019–20 में 14 बच्चे, 2020–21 में 15 बच्चे, 2021–22 में 9 बच्चे, 2022–23 में 8 बच्चे एवं 2023–24 में 10 बच्चों के नाम दर्ज थे। वर्तमान शिक्षा सत्र 2024–24 में विद्यार्थियों की संख्या केवल 8 रह गई है।

### आवश्यकता से ज्यादा सामान, पड़े-पड़े हो रहे कबाड़

करेंझर हाई स्कूल में बच्चों की शिक्षा को लेकर जागरूक और समर्पित शासन-प्रशासन के कारण यहां करोड़ों की लागत से स्कूल भवन बनाया गया। यह अलग बात है कि आज स्कूल भवन के अधिकांश कमरे उपयोग के अभाव में जर्जर हो रहे हैं। वहीं, जिला प्रशासन ने यहां आवश्यकता से अधिक कुर्सी, टेबल, प्रयोगशाला सामग्री सहित अन्य सामग्री भेज दी है, जो अब कबाड़ हो रहे हैं। यहां बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर और प्रिंटर की भी सुविधा उपलब्ध है। सारी व्यवस्था दर्ज संख्या से कहीं ज्यादा की गई है।

# बगईकोन्हा सिरपुर में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा



विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर में द्वितीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शाला में अध्यनरत छात्रों के शैक्षिक स्तर, अपार आईडी कार्ड संबंधित जानकारी, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम आदि पर पालकों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रधान पाठक टीएल राणा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के शिक्षक पालक संवाद से बेहतर प्रतिफल निकल कर आता है और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार संभव है। पालकों और शिक्षकों के बीच इस तरह की बैठकें एक पुल का काम करती हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इस अवसर पर प्रधान पाठक टीएल राणा, शिक्षक वासुदेव पटेल, मनीष देशमुख, शिक्षिका निशा साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंपाबाई रावटे, सदस्य राजिम बाई, ज्योति कोसमा, रीतुबाई, अमिला बाई नेताम, गैंदा बाई सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

### बेलमांड स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

बालोद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमांड में अपार आईडी एवं पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य एनके मंडावी एवं समस्त शिक्षक के साथ पालक उपस्थिति थे।



### पेपर बंडल चोरी थाने में शिकायत

लाटाबोड़। गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद निवासी हरिभूमि संवाददाता असवन कुमार साहू ने पेपर बंडल चोरी होने की शिकायत थाने में की है। श्री साहू ने बताया की वेप्रतिदिन की भांति 4 अक्टूबर को पेपर लेने लाटाबोड़ पहुंचे, जहां पेपर बंडल नहीं मिला। उन्होंने पेपर देने वाले टैक्सी मालिक से इस संबंध में जानकारी ली। टैक्सी मालिक ने बताया कि मैंने हरिभूमि का पेपर बंडल सुबह लगभग 4 बजकर 10 मिनट में प्रतिदिन की भांति कमलेश चन्दन के घर के सामने पीपल पेड़ के पास रखा था। श्री साहू ने बताया कि इससे पहले भी 11 जुलाई 2023 एवं 28 जुलाई 2024 को किसी अज्ञात चोर पेपर बंडल चोरी कर ले गया था, जिसकी सूचना मैंने पुलिस अधिक्षक के साथ ही थाना प्रभारी को लिखित रूप में दी थी, परन्तु अज्ञात चोर आज तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसके बाद एक बार फिर पेपर का बंडल चोरी हो गया। थाना प्रभारी को आवेदक सौंपकर अज्ञात चोर की खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की माँग की है।

# एक शौचालय में गंदगी, दूसरा स्वीकृति के सालभर बाद भी नहीं बन सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ग्राम तार्री में एक शौचालय सफाई के अभाव में गंदगी से भरा पड़ा है, तो दूसरा स्वीकृत पिंक शौचालय स्वीकृति के लगभग 1 साल बाद भी प्रारंभ नहीं हो सका है। ग्राम पंचायत तार्री में पंचायत प्रमुखों की लापरवाही से स्वच्छता एक दिवा स्वप्न बनकर रह गया है। ग्राम में बीते एक साल से पिंक शौचालय के लिए राशि आई है, लेकिन पंचायत की लापरवाही से कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। ग्राम तार्री में पूर्व में बना सामुदायिक शौचालय पहले ही गंदगी से भरा पड़ा है। उसकी देखरेख व सफाई पंचायत नहीं करा पा रही है। अब जिला प्रशासन ने ग्राम में लगभग एक साल पूर्व पिंक शौचालय स्वीकृत किया है। लेकिन, पंचायत प्रमुखों की लापरवाही कहें या दूरदर्शिता की कमी पिंक शौचालय के लिए ऐसी जगह का चयन किया गया, जो गांव से बाहर सुनसान क्षेत्र है। ऐसे मे गांव से बाहर सुनसान क्षेत्र में शौचालय निर्माण के पंचायत के प्रस्ताव को प्रशासन ने अस्वीकार कर दिया।

- ग्राम तार्री में पंचायत प्रमुखों की लापरवाही ने बढ़ाई ग्रामीणों की समस्या

पंचायत ने इसके बाद स्थल परिवर्तन के लिए जनपद को पत्र लिखा, जो अब जिला कार्यालय में स्वीकृति का इंतजार करते महीनों से धूल खाते पड़ा है। इस तरह पंचायत प्रतिनिधियों की थोड़ी सी लापरवाही से ग्राम की सैकड़ों महिलाओं को सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है और समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### और भी हैं समस्याएं

पंचायत ग्राम में पूर्व में बनाए गए शौचालय की देखरेख ठीक से नहीं कर पा रही है एवं उसका दोष ग्रामीणों पर डालती है। वहीं, ग्राम में जगह-जगह कचरे का अंबार है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। ग्राम तहसील मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर स्थित है।

### टोंटी निकालकर ले जाते हैं ग्रामीण, कर देते हैं गंदगी

सचिव नागेश पटेल ने कहा कि पुराने शौचालय में ग्रामीण टोंटी निकालकर ले जाते हैं। ग्रामीण वहां गंदगी कर देते हैं। हमने शौचालय में ताला लगवा दिया था, उसे भी ग्रामीण तोड़ देते हैं। नागेश पटेल ने कहा कि पिंक शौचालय के स्थल परिवर्तन की फाईल जिले में कई महीने से स्वीकृति के लिए पड़ी हुई है। राशि आ गई है, स्वीकृति आते ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

# परसुली में स्वच्छाग्रही दीदियों व बुजुर्गों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



जनपद पंचायत सदस्य संध्या साहू ग्राम पंचायत परसुली में आयोजित ग्राम सभा में सम्मिलित हुईं। उन्होंने जनता से अपील की है कि शासन प्रशासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राही लें, ताकि उनका जीवन सरल हो सके। वहीं, गांव के वृद्ध जनो का सम्मान कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सरपंच मोती राम देवांगन द्वारा किया गया।इस अवसर पर वृद्ध जनों का सम्मान गमछा और स्टील प्लेट भेंटकर किया गया। इसके साथ ही लोगों से अपील की कि वृद्ध जनों का मार्गदर्शन लें। स्वच्छाग्रही माताओं को टोपी, दस्ताना और कुर्ती भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी से मोदी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।



### बोहारडीह में कला मंच निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

गुरूर। ग्राम बोहारडीह में जनपद पंचायत सदस्य आदित्य सिंह पिपरे ने जनपद पंचायत विकास निधि से एक लाख से बनने वाले खुला कला मंच के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सरपंच दीपक ठाकुर, उपसरपंच बिंदाबाई, देवलाल साहू, हेमूराम, चेतन नागवंशी, दानेश्वर, सुरेश नागवंशी, मोनू साहू, राजेंद्र साहू उपस्थित थे।

# किसानों के खातों में पहुंची पीएम सम्मान निधि की राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंडी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किश्त 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र से जारी की। उन्होंने किसानों के खातों में राशि का हस्तांतरण किया। कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र, अरौद और विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत डौंडी के सभागार में सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में मनीष झा अध्यक्ष भाजपा मंडल डौंडी, मितेन्द्र वैष्णव अध्यक्ष किसान मोर्चा डौंडी मंडल, संजीव कुमार मनकर पार्षद नप डौण्डी, शिवराम रनघाटी भूतपूर्व एल्डरमैन डौण्डी, लक्ष्मण चक्रधारी भूतपूर्व एल्डरमैन डौण्डी, पीके यदु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डौंडी, प्रमीला ठाकुर कृषि विकास अधिकारी, सीएल हिरवानी, कुलदीप साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सँगवारी कृषक और डौंडी विकासखण्ड से बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

## विधायक ने कहा- घोषणा पत्र में किए वादे के अनुसार महतारी सदन बनाए सरकार

# सत्ता में आने के बाद अपना वादा भूल गई भाजपा : संगीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

प्रदेश में भाजपा की सरकार बने नौ माह का समय बीतने को है, लेकिन महिलाओं से जुड़ी महतारी सदन योजना का क्रियान्वयन जिले में धरातल पर कहीं पर भी नजर नहीं आ रहा है। इस योजना को लेकर जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे ने ऊपर से कोई पत्र नहीं आने की बात कही है।

इस संबंध में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि भाजपा महिलाओं को महतारी सदन का सब्ज बाग दिखाकर सत्ता में आई और आते ही उसे भूल गई। उन्होंने मांग की कि भाजपा सरकार चुनाव पूर्व किए अपने वादों को पूरा करे एवं तत्काल महतारी सदन निर्माण का कार्य शुरू करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने घोषणा पत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके सशक्तिकरण के लिए महतारी सदन योजना शुरू करने की बात कही गई थी। लेकिन यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।



### नहीं आया पत्र : डॉ कन्नौजे

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे ने कहा कि यह योजना घोषणा में तो है, लेकिन हमारे पास अभी ऐसा कुछ लेटर या निर्देश नहीं आया है।

### ग्रामीण महिलाओं को इसकी जरूरत क्यों

गाँवों में महिलाओं के उठने–बैठने और एक साथ जमा होने के लिए जगह नहीं होती। ऐसे में महतारी सदन के रूप में उन्हें एक नियत स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका महिलाएँ अपनी जरूरत के हिसाब से उपयोग कर सकेंगी। महतारी सदन के माध्यम से गाँव में ही ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का जतन भी होगा। इससे ग्रामीण महिलाएँ रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त होंगी। महतारी सदन के निर्माण के लिए अधोसंरचनात्मक रूप से कुछ मापदंड तय किए गए हैं। इसमें कमरा, दुकान, बरामदा, हॉल, किचन, स्टोर व सीढ़ी के साथ शौचालय व बाउण्ड्रीवाल का भी निर्माण किया जाएगा।

### क्या है महतारी सदन योजना

भाजपा सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। हालांकि महतारी सदन कब अस्तित्व में आएगा, इसकी जानकारी जिले के उच्च अधिकारियों को भी नहीं है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### कजराबांधा में हुआ जगराता

**बालोद/कलंगपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कजराबांधा में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य तेजराम साहू, गीतेश्वर माण्डवी, सेवा राम साहू, हेमशंकर साहू, अशोक यादव, आनंद साहू शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने माँ दुर्गा की आराधना कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पवित्र पर्व हमारे हिंदू समाज में नई ऊर्जा, उमंग व भक्तिभाव के वातावरण का संचार करता है। इससे हमको सामाजिक व अपने व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक भाव का अनुभव होता है। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि माँ दुर्गा की पा से सभी प्रफुल्लित रहें और नवरात्रि के इस पवित्र पर्व पर सभी के लिये मंगलमय हों। हमारे यह धार्मिक पर्व हमारे सनातन संस्कृति की ताकत है अपने धर्म के प्रति हमें मजबूत बनाती है। इस दौरान कार्यक्रम में दुर्गोत्सव समिति, आयोजन समिति तथा बड़ी संख्या

### महिलाओं ने किया रक्तदान




**बालोद।** अभिप्रेरणा ग्रुप की महिलाओं ने गांधी जी की एवं शास्त्री जी की जयंती पर रक्तदान कर एवं रक्तदान करा कर जीवन दान का संदेश देते हुए जिला के सहायता ब्लड सेंटर में यह आयोजन किया गया। महिलाओं ने भी रक्तदान किया। समूह की गायत्री साहू एवं कादंबिनी यादव पहले भी रक्तदान कर चुकी है। उन्होंने बिना डरे सभी महिलाओं को रक्तदान करने अपील की। इसमें संजीव देवांगन, खेमराज साहू, पूर्णानंद साहू, संतोषी सिन्हा, गायत्री साहू, जयप्रकाश जायसवाल, खोमेश्वर, लुंनकरण सहित अन्य रक्तवीरो ने रक्त दान किया। कार्यक्रम में दुर्गेशनंदिनी यादव, विनोद बंटी शर्मा, दिलीप कौशिक, सहायता ब्लड सेंटर के स्टाफ़ अभिप्रेरणा गुप की कादम्बिनी यादव, गायत्री साहू, तुलसी डोंगरे, कमला वर्मा, डाली साहू, पदमनी साहू, योगिता बाली, भारती सहारे, राजेश्वरी तिवारी, अर्चना ताम्रकार, नीलम रावटे शामिल हुए।

## बालोद अंचल में मां दुर्गा की स्थापित प्रतिमाएं









नवदुर्गा उत्सव समिति, बस स्टैंड लाटाबोड़



### तिलखैरी में धूमधाम से मनाई जा रही नवरात्रि

**अंडा।** समीपस्थ ग्राम तिलखैरी में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 23 वें वर्ष सामुहिक सहभागिता से माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। प्राचीन धार्मिक परंपराओं के संवर्धन एवं सामाजिक समरसता बनाये रखने के लिए एक समिति का निर्माण किया गया है। समिति के अध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष धनेश्वर साहू के साथ ही समिति में रामेश्वर यादव, यादराम साहू, झम्मन यादव, कीर्तिलाल यादव, तरुण साहू, तामेश्वर साहू सहित सभी ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### कनेरी स्थित कंकालिन मंदिर में जगमगाए 520 जोत



**गुरूर।** शक्ति की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गया है। ब्लॉक के देवी मंदिरों में श्रद्धा भाव व वैदिक मंत्रों के साथ शुभ मुहूर्त पर मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए गए। गांव–गांव में देवी मां की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। धार्मिक पर्यटन स्थल सियादेवी मंदिर, कनेरी कंकालिन मंदिर, दुर्गेश धाम मंदिर, चण्डी मंदिर कंवर, पेटेचुआ कंकालिन मंदिर, काल भैरव देउर मंदिर सहित देवी मंदिरों में भी आस्था के ज्योत जलाए गए। पहले दिन सुबह से माता के भक्तों ने अपने घरों व मंदिरों में रंगोली बनाकर देवी मां का स्वागत किया। कनेरी की कंकालिन मंदिर में 520 जोत जलाए गए हैं।



**आस्था : देवी मंदिरों के साथ ही अनेक स्थानों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर की जा रही पूजा**

# अंचल में जगमगा रहे आस्था के हजारों जोत, माता की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अंचल में इन दिनों नवरात्रि के अवसर पर लोग माता की भक्ति में डूबे हुए हैं। माता के मंदिरों में 3 अक्टूबर को घट स्थापना के बाद ज्योति प्रज्वलित की गई। इसके साथ ही अनेक स्थानों पर पंडालों में माता दुर्गा के विभिन्न रूपों की प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी तरह ग्राम दरगहन में माता शीतला प्रांगण में क्वांर नवरात्रि में जोत जलाए गए हैं। ग्रामीण अध्यक्ष देवचंद साहू, मोहन साहू, कबिलास ठाकुर, पुनाराम साहू, विक्रम यादूराम, संतोष संतुराम, झगरू राम ने बताया कि क्वांर नवरात्रि पर माता शीतला के प्रांगण में जोत जलाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंदिर में वर्तमान में 10 जोत जलाए गए हैं, जहां प्रतिदिन ग्रामीण सेवा भाव से पूजा अर्चना कर रहे हैं।



### डोकला स्थित शीतला मंदिर में प्रतिदिन की जा रही माता सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम डोकला में शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मां शीतला मंदिर में आस्था की ज्योति जलाई गई हैं। जहां ग्राम वासियों द्वारा प्रतिदिन पूजा अर्चना की जा रही है। शीतला मंदिर में प्रतिदिन संध्या माता सेवा भजन की जा रही है।





### मां भरारीपाट मंदिर में जगमगाई आस्था की ज्योति

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन (फुण्डा) स्थित मां भरारीपाट मंदिर में प्रति वर्ष यहां साल के दोनों नवरात्र पर्व पर भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश का स्थापना की गई है। इस क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर भी माता के भक्तों द्वारा 90 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। मंदिर के पुजारी साहू ने बताया कि मंदिर स्थल पर रोज सुबह शाम माता जी की आरती पूजा–अर्चना होती है एवं शाम को प्रतिदिन स्थानीय व आस पास माता सेवा मंडली के द्वारा माता सेवा गायन किया जाता है।

## माता-पिता तथा बड़े बुजुर्गों के आदेशों का हमेशा पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- सोनईडोंगरी में संगीतमय रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक संगीता

ग्राम सोनईडोंगरी में संगीतमय रामधुनी कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ग्रामवासियों के सहयोग से सार्वजनिक जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति द्वारा संगीतमय रामधुनी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 4 अक्टूबर से प्रारंभ रामधुनी कार्यक्रम का 11 अक्टूबर को समापन होगा। जहां प्रतिदिन अलग अलग ग्रामों से रामधुनी मंडली द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि भगवान श्रीराम से प्रेरणा मिलती है कि हम सभी को माता पिता तथा बड़े बुजुर्गों के आदेशों का हमेशा पालन करना चाहिए। अगर इन सभी का हमें आशीर्वाद मिल गया तो हम निश्चित ही सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने बताया कि यहां का सांस्कृतिक कला मंच लगभग 40 वर्ष पुराना है, जर्जर होने के कारण यहां प्लास्टर उखड़ने तथा टूटने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कला मंच निर्माण, सामुदायिक भवन मंच के सामने टीन शेड निर्माण की मांग रखी।



विधायक संगीता सिन्हा ने प्राथमिकता के साथ मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कर रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र मे चारो तरफ रामधुनी, माता सेवा, जय गीत, रामायण जैसे विभिन्न तरह से धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र भक्ति मय महौल में डूबा हुआ है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, संयुक्त महामंत्री सुमित राजपूत, विधायक प्रतिनिधि डॉ ओंकार महमल्ला, टोमन साहू, बरसन लाल ग्वालंशी, चोवाराम व अन्य मंचासीन थे।

इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन लाल साहू, उपाध्यक्ष अबगेश्वर यामले, सह उपाध्यक्ष जगत राम राणा, सचिव सजीवन उन्द्रे, सह सचिव जगदीश मंडावी, कोषाध्यक्ष भूपनारायण व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सशिमं खर्रा में हुआ पालक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर फलदेव साहू एवं उपस्थित पालकों द्वारा भारत माता, सरस्वती माता एवं प्रवण अक्षर ओम का विधिवत पूजन कर किया गया। विद्यायल के आचार्य परिवार द्वारा सभी पालकों का भाल में अक्षत से तिलक कर स्वागत किया गया। आचार्य दीदी और उपस्थित पालकों के मध्य मार्ग दर्शन, सुझाव, एवं आगामी कार्य योजना पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। पालकों द्वारा त्रैमासिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का अवलोकन किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भईया-बहनों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य सुखीतराम कलिहारी ने कहा है कि भईया बहनों के सर्वांगीण विकास में पालक, बालक और आचार्य, दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तीनो के सनिवत प्रयास से ही भईया बहिन अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, सुखित राम कलिहारी, दीदी जी, रंजना सिन्हा, तुनेश्वरी पटेल, छबि लता पटेल, चितेश्वरी साहू, बिना साहू, लिलेश्वरी साहू एवं बाल शिशु भारती के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## भारतीय किसान संघ गुरूर के अध्यक्ष बने रोशन लाल

**गुरुर।** रोशन लाल साहू को भारतीय किसान संघ गुरूर का अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष जीवन लाल साहू, मोतीलाल साहू, मंत्री खुमान सिंह अठनागर, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण साहू, मीडिया प्रभारी सूर्यकांत साहू, कार्यकारिणी सदस्य खिलेश्वर केहरी, धनेश साहू, नंद कुमार साहू, ईश्वर लाल सिंन्हा, भेद राम सिंन्हा, नंदराम साहू, प्रवीण कुमार साहू एवं चौतराम साहू को नियुक्त किया गया।

संघ की बैठक में अखिल भारतीय कार्याकारिणी सदस्य डॉ विशाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों का संगठन है, जब तक किसान जागरुक एवं संगठित नहीं होगा उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा। इसलिए पहली प्राथमिकता गांव में समिति बने, समिति की मासिक बैठक हो और उसे बैठक में किसानों की समस्या पर विचार विमर्श कर शासन को अन्य समस्या से अवगत कराना, जिससे समस्या का समाधान हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से दुर्ग जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेश कुमार साहू, बालोद जिला कार्यकारिणी सदस्य सावत राम साहू सहित किसान उपस्थित थे।

## मदनलाल साहू कालेज में मनाई गई गांधी जयंती

**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में एनएसएस इकाई द्वारा महात्मा गांधी जयंती की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर निबंध लेखन, रंगोली, नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक रामेश्वर प्रसाद, योगिता, आशावरी सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे। अतिथियों ने महात्मा गांधी के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में धारणा, अनिल, राजेश, नीलकंठ, तुषार, भूपेश, धात्री, वासनी, डुमेश, खिल्जा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।



### मां बहादुर कलारिन कालेज की ओर से निकाली गई रैली

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय से स्वयं सेवकों व महाविद्यालय प्राध्यापकों ने रैली निकाली। रैली के माध्यम से नगर पंचायत गुरूर, देऊर मंदिर गुरूर व पुलिस थाना गुरूर मे पहुंचकर साफ सफाई कर जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम चलाया गया। प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास पटेल, पार्षद नगर पंचायत गुरूर चिन्ता राम साहू, प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू, रासोये कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश्वरी पटेल, डोमेश कुमार सिन्हा, प्रियंका साहू, रामस्वरूप सिन्हा सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।



**कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह ने सीएचएमओ व सीएमओ की बैठक में दिए निर्देश**

## डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें पुख्ता उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समय–सीमा की बैठक लेकर जिले में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिएप्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने दल्लीराजहरा सहित जिले के सभी नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से जिले में बीमारियों की रोकथाम के लिए समाचार पत्रों तथा मुनादी के माध्यम से आम जनता को इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आम नागरिकों को बीमारियों से बचाव के उपाय के संबंध में समुचित प्रचार–प्रसार करने तथा जागरूकता रैली के साथ ही बीमारियों से ग्रसित लोगों के समुचित इलाज के पुख्ता उपाय करने को भी कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा कार्य तथा राज्य में 15 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में बनाने को कहा। इसके साथ ही उनका आय एवं निवास प्रमाण पत्र भी बनाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में चन्द्रवाल ने सड़क में घुमंतु पशुओं के विचरण से लोगों को निजात दिलाने के लिए किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी लेकर इनकी रोकथाम के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। श्री चंद्रवाल ने घुमंतु एवं पालतु पशुओं को चिन्हित कर उनमें रेडियम पट्टी लगाने और चरवाहों की बैठक बुलाने को भी कहा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज



डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411